University in News on 17 June 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि के 23 छात्रों को मिली नौकरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सात विद्यार्थी (कुणाल सिंह, स्नेहा गुप्ता, श्वेता तिवारी, नवीन तिवारी, अमन जायसवाल, सुप्रिया तिवारी, संगम) और बीटेक मैकेनिकल के 16 विद्यार्थियों (प्रशांत राणा, सौम्या सिंह, श्रुति माथुर, नंदिनी जायसवाल, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, पंकज कुमार, कपिल देव यादव, अभिजीत सिंह, निखिल पटेल, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक वर्मा) का चयन किया गया है। कंपनी ने छात्रों को ऑपरेटिंग इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम तीन लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

शरीर को निरोगी बनाता है सूर्य नमस्कार, किया अभ्यास

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। योग दिवस की तैयारियों के तहत रविवार को लखनऊ विवि में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में सुबह साढ़े पांच बजे गोमती तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया।

फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है, शरीर को डीटॉक्स करता है, तनाव को दूर करता है, मासिक धर्म को नियमित करता है, हड्डियां मजबूत बनती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है और रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है।

इस अवसर पर डॉ. रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला, संजना कुशवाहा व नम्रता मिश्रा आदि ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।

बेहतर जीवन के लिए योग जरूरी

लखनऊ। बीबीएयू में रविवार को तीन दिवसीय नेशनल योग सेमिनार का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. ईश्वर भारद्वाज ने कहा कि आधुनिक जीवन शैली में सुखी जीवन जीने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग जरूरी है। प्रो. जीडी शर्मा ने बताया कि योग के स्वरूप को अपनाना श्रेयस्कर है। 17 जून तक होने वाले सेमिनार में 15 शोधार्थियों की ओर से शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। (संवाद)

योग की बारीकियां सिखाएंगे कैडेट

लखनऊ। स्वयं और समाज के लिए योग थीम के साथ 20 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन में योग दिवस समारोह आयोजित किया गया। मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि एनसीसी यूपी निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रम कुमार के नेतृत्व में समुदाय के सभी वर्गों के लिए यह समारोह है। बटालियन के तहत आने वाली विभिन्न इकाइयों व अन्य संस्थानों के कैडेट शामिल हुए। योग सत्रों की श्रृंखला हफ्तेभर चलेगी। 21 जून को कार्यक्रम का समापन गोमती रिवरफ्रंट पर आयोजित कार्यक्रम के साथ होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय

23 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के 23 बीटेक स्टूडेंट्स का मदरसन कंपनी में ऑपरेटिंग इंजिनियर के पद पर सालाना तीन लाख रुपये पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयनितों में इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग के कुणाल सिंह, स्नेहा गुप्ता, श्वेता तिवारी, नवीन तिवारी, अमन जायसवाल, सुप्रिया तिवारी और संगम, मैकेनिकल के प्रशांत राणा, सौम्या सिंह, श्रुति माथुर, नंदिनी जायसवाल, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, पंकज, कपिल देव यादव, अभिजीत सिंह, निखिल पटेल, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेंद्र प्रताप सिंह और अभिषेक वर्मा शामिल हैं।

'हर चिंता हर लेता है सूर्य नमस्कार'

एलयू की फैकल्टी ऑफ योग ऐंड अल्टरनेटिव मेडिसिन में हुआ योगाभ्यास

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत रविवार सुबह 5:30 बजे गोमती नदी के तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। एलयू की फैकल्टी ऑफ योग ऐंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के इस आयोजन में विभाग के कोर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने सूर्य नमस्कार के फायदे भी बताए। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार योगाभ्यासों में सबसे महत्वपूर्ण है। शरीर को डिटॉक्स करता है। मन की हर चिंता और तनाव दूर करता है। साथ ही शरीर में लचीलापन लाता है। इस मौके पर डॉ. रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह समेत कई लोगों ने सूर्य नमस्कार किया।

शिविर में योग विशेषज्ञ करवाएंगे अभ्यासः सिटी मॉन्टेसरी स्कूल शालीमार वन वर्ल्ड कैंपस में 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन करेगा। यह शिविर 18 से 28 जून तक चलेगा। सीएमएस पीआरओ ऋषि खन्ना ने बताया कि शिविर में रोजाना सुबह 5.30 बजे से 7 बजे तक योगाभ्यास होगा।

आशियाना में योग जागरूकता रैली निकालीः उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति की अगुआई में रविवार को आशियाना क्षेत्र में योग जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। इसे उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता व चिरंजीव भारती स्कूल के निदेशक कर्नल राजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

i-NEXT PAGE 3

21 को होगी छूटे स्टूडेंट्स के प्रैक्टिकल

LUCKNOW : एलयू परिसर एवं कालेजों के शारीरिक शिक्षा विषय के बीए दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर के रेगुलर, एक्जेम्प्टेड परीक्षा के छूटे स्टूडेंट्स की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 जून को होगी. विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि पर सुबह पांच बजे लवि के प्रांजपे मैदान में अपनी फाइल व किट के साथ उपस्थित होना होगा. शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रुपेश कुमार ने इसकी सूचना जारी की है.

एलयू के 23 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है. प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आइसीजे की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित स्टूडेंट्स को कंपनी में आपरेटिंग इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम तीन लाख प्रति वर्ष का पैकेज आफर किया है. गौरतलब है कि लखनऊ यूनिवर्सिटी अपने स्टूडेंट्स के प्लेसमेंट के लिए लगातार प्रयास कर रही है. जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं.

एनसीसी कैडेट्स ने गोमती नदी पर किया योगाभ्यास.

गोमती के तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास

एलयू के योग संकाय की ओर से हुआ आयोजन

LUCKNOW (16 JUNE): लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह पांच 5.30 बजे गोमती नदी के तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया.

योगासनों में सर्वश्रेष्ठ

संकाय के समन्वयक डा. अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनो में सर्वश्रेष्ठ है. यह अकेला अभ्यास ही हमारे संपूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है. महिलाएं, पुरुष, बच्चे, वृद्ध, सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है. इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है. मन की हर चिंता और तनाव भी दूर होता है. इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं. मांसपेशियों में लचीलापन आता है. रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है. इस अवसर पर डा. रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला, संजना कुशवाहा, नम्रता मिश्रा ने सूर्य नमस्कार किया.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

सूर्य नमस्कार हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं निर्देशन में फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के क्रम में रविवार को सुबह 5.30 बजे गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। सूर्य को सूर्य देवता माना जाता है, जिन्हें ब्रह्मांड का निर्माता माना जाता है और वैदिक परंपरा में सूर्य चेतना और ईश्वर का प्रतीक है। इस प्रकार, सूर्य नमस्कार को सबसे महत्वपूर्ण योग अभ्यासों में से एक माना जाता है। फैकल्टी ऑफ़ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुर्जुग सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है। इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है, शरीर को डीटॉक्स करता, मन की हर चिंता और तनाव को दूर करता है, शरीर में लचीलापन लाता है, मासिक धर्म को नियमित करता है, अंतर्दृष्टि विकसित होती है, हड्डियां मज़बूत बनती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है, एकाग्रता बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ.रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला, संजना कुशवाहा नम्रता मिश्रा ने सूर्यनमस्कार किया।

JAGRAN CITY PAGE III

प्रयोगात्मक परीक्षा 21 को

लखनऊ : लवि परिसर एवं कालेजों के शारीरिक शिक्षा विषय के बी.ए दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर के रेगुलर, एक्जेम्प्टेड परीक्षा के छूटे हुए छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 जून को होगी। (जासं)

लवि के 23 विद्यार्थियों का भी प्लेसमेंट : लवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आइसीजे की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित छात्र-छात्राओं को कंपनी में आपरेटिंग इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम तीन लाख प्रति वर्ष का पैकेज आफर किया है।

गोमती तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह पांच 5.30 बजे गोमती नदी के तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया।

संकाय के समन्वयक डा. अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे संपूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है। इससे पेट की चर्बी घटती है। मन की हर चिंता और तनाव भी दूर होता है। इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। मांसपेशियों में लचीलापन आता है। रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है। इस अवसर पर डा. रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला, संजना कुशवाहा, नम्रता मिश्रा ने सूर्य नमस्कार किया।

लवि के योग संकाय की ओर से रविवार को सुबह 5.30 बजे गोमती नदी के तट पर सूर्य नमस्कार करते लोग ● सौजन्य से लवि

आशियाना में योग शिविर

आशियाना परिवार की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक आरडी द्विवेदी ने बताया कि किरन पांडेय के संयोजन में योग दिवस के तहत हर दिन योग शिविर द्विवेदी पार्क में लग रहा है। रविवार को लगे शिविर में अमित अग्रवाल, दिलीप शर्मा, किरन, आरती व रेखा सहित कई लोग शामिल हुए।

PIONEER PAGE 3

गोमती नदी के तट पर छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार

लखनऊ। लविवि के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के क्रम में रविवार को प्रातः 5.30 गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। सूर्य को सूर्य देवता माना जाता है, जिन्हें ब्रह्मांड का निर्माता माना जाता है और वैदिक परंपरा में सूर्य चेतना और ईश्वर का प्रतीक है। इस प्रकार, सूर्य नमस्कार को सबसे महत्वपूर्ण योग अभ्यासों में से एक माना जाता है। फैकल्टी ऑफ़ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। महिलायें, पुरुष, बच्चे, वृद्ध, सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है। इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है, शरीर को डीटॉक्स करता, मन की हर चिंता और तनाव को दूर करता है, मासिक धर्म को नियमित करता है, अंतर्दृष्टि विकसित होती है, हड्डियाँ मज़बूत बनती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है, एकाग्रता बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू, प्रतीक केसरवानी, आशा राजवंशी, शुभांगी, सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला, संजना कुशवाहा नम्रता मिश्रा ने सूर्यनमस्कार किया।

एलयू के 23 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए. के. सिंह ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और उच्च शैक्षणिक मानकों का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र अपनी निपुणता, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे एवं अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए, नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को साकार करेंगे। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आईसीजे द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में मदरसन कंपनी ने बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 छात्रों (कुणाल सिंह, स्नेहा गुप्ता, श्वेता तिवारी, नवीन तिवारी, अमन जायसवाल, सुप्रिया तिवारी, संगम) एवं बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों (प्रशांत राणा, सौम्या सिंह, श्रुति माथुर, नंदिनी जायसवाल, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, पंकज कुमार, कपिल देव यादव, अभिजीत सिंह, निखिल पटेल, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक वर्मा) का चयन किया है। कंपनी ने छात्रों को ऑपरेटिंग इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

एलयू के २३ छात्रों का प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और उच्च शैक्षणिक मानकों का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र अपनी निपुणता, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे एवं अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए, नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को साकार करेंगे। अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने कहा कि यह चयन हमारे छात्रों की उत्कृष्टता को दर्शाता है। मैं आशा करता हूं कि वे अपने करियर में उत्कृष्ट सफलता अर्जित करेंगे। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ.हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आईसीजे द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में मदरसन कंपनी ने बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 छात्रों (कुणाल सिंह, स्नेहा गुप्ता, श्वेता तिवारी, नवीन तिवारी, अमन जायसवाल, सुप्रिया तिवारी, संगम एवं बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों मेंप्रशांत राणा, सौम्या सिंह, श्रुति माथुर, नंदिनी जायसवाल, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, पंकज कुमार, कपिल देव यादव, अभिजीत सिंह, निखिल पटेल, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक वर्मा का चयन किया है। कंपनी ने छात्रों को ऑपरेटिंग इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

HINDUSTAN PAGE 8

बीटेक के 23 छात्रों को मिला नौकरी का ऑफर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और उच्च शैक्षणिक मानकों का प्रमाण है। जिन छात्रों का चयन हुआ उनमें बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 छात्रों एवं बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों के नाम शामिल है। कंपनी ने अधिकतम 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

AMRIT VICHAR PAGE 8

लविवि के 23 छात्रों को मिला रोजगार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों बधाई दी।

गोमती नदी के तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते छात्र व शिक्षक। अमृत विचार

गोमती तट पर किया सूर्यनमस्कार का अभ्यास

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में कोर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। इस अवसर पर डॉ. रामकिशोर, शोभित सिंह, रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, पीयूष तिवारी आदी ने सूर्यनमस्कार किया।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

गोमती के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास

लविवि के 23 छात्रों का मदरसन कंपनी में हुआ प्लेसमेंट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं निर्देशन में फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में रविवार को प्रातः5.30 गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। सूर्य को सूर्य देवता माना जाता है, जिन्हें ब्रह्मांड का निर्माता माना जाता है, और वैदिक परंपरा में सूर्य चेतना और ईश्वर का प्रतीक है। इस प्रकार, सूर्य नमस्कार को सबसे महत्वपूर्ण योग अभ्यासों में से एक माना जाता है फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। महिलायें,पुरुष, बच्चे,वृद्ध, सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है। इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है, शरीर को डीटॉक्स करता,मन की हर चिंता और तनाव को दूर करता है,

शरीर में लचीलापन लाता है,मासिक धर्म को नियमित करता है,अंतर्दृष्टि विकसित होती है,हड्डियाँ मजबूत बनती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है,एकाग्रता बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ रामकिशोर,शोभित सिंह,रोमा हेमवानी,मोनिका सिंह,पीयूष तिवारी, अभिषेक साहू,प्रतीक केसरवानी,आशा राजवंशी,शुभांगी,सपना कुशवाहा, शिखर शुक्ला,संजना कुशवाहा नम्रता मिश्रा ने सूर्यनमस्कार किया।

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए. के. सिंह ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और उच्च शैक्षणिक मानकों का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र अपनी निपुणता, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे एवं अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए, नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को साकार करेंगे।

अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए. के. सिंह ने कहा, यह चयन हमारे छात्रों की उत्कृष्टता को दर्शाता है। मैं आशा करता हूँ कि वे अपने करियर में उत्कृष्ट सफलता अर्जित करेंगे।

प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आईसीजे द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में मदरसन कंपनी ने बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 छात्रों (कुणाल सिंह, स्नेहा गुप्ता, श्वेता तिवारी, नवीन तिवारी, अमन जायसवाल, सुप्रिया तिवारी, संगम) एवं बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों (प्रशांत राणा, सौम्या सिंह, श्रुति माथुर, नंदिनी जायसवाल, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, पंकज कुमार, कपिल देव यादव, अभिजीत सिंह, निखिल पटेल, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक वर्मा) का चयन किया है। कंपनी ने छात्रों को ऑपरेटिंग इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

LOKSATYA PAGE 3

गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास हुआ

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अंतर्गत रविवार को सुबह गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। फैकल्टी ऑफ़ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। महिलायें,पुरुष, बच्चे,वृद्ध, सूर्य नमस्कार सभी के लिए बहुत लाभदायक होता है। इसके अभ्यास से पेट की चर्बी घटती है, शरीर को डीटॉक्स करता,मन की हर चिंता और तनाव को दूर करता है।

लोकसत्य

एलयू के 23 छात्रों का मदरसन कंपनी में प्लेसमेंट

सफलता

- बीटेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के छात्रों का हुआ चयन

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा, ₹यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और उच्च शैक्षणिक मानकों का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र अपनी निपुणता, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे एवं अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए, नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे और अपने सपनों को साकार करेंगे।₹अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए. के. सिंह ने कहा, यह चयन हमारे छात्रों की उत्कृष्टता को दर्शाता है। मैं आशा करता हूँ कि वे अपने करियर में उत्कृष्ट सफलता अर्जित करेंगे। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आईसीजे द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में मदरसन कंपनी ने बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 छात्रों (कुणाल सिंह, स्नेहा गुप्ता, श्वेता तिवारी, नवीन तिवारी, अमन जायसवाल, सुप्रिया तिवारी, संगम) एवं बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 16 छात्रों (प्रशांत राणा, सौम्या सिंह, श्रुति माथुर, नंदिनी जायसवाल, सूरज राठौर समेत अन्य का चयन किया है।